DELHI PUBLIC SCHOOL, RAIPUR

TERMINAL ASSESSMENT - II (2022-23) (MODEL PAPER)

SUB:- HINDI **CLASS -IV** **MARKS: 50**

खंड - अ (अपठित गद्यांश)

प्रश्न – I (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

बिहार राज्य में सौभाग्यशाली है छपरा जिले के जीरादेई की वह धरती जिसकी धूल में लोट–पोट कर बड़े हुए थे हमारी आँखों के तारे देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद। उनकी स्कूली शिक्षा पटना के टी० के० घोष अकादमी में हुई थी। यदि किसी भारतीय नेता के विद्यार्थी जीवन में उसकी उत्तर पुस्तिकाओं का परीक्षण कर प्रशंसा करते हुए यह लिखा गया कि – ''परीक्षार्थी परीक्षक से योग्य है।''तो वे विद्यार्थी थे – राजेन्द्र प्रसाद। स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति –पद पर उन्हें आसीन किया गया। 14 मई 1962 ई० तक ये भारत के राष्ट्रपति रहे। उन दिनों राष्ट्रपति का मासिक वेतन दस हजार रुपए था। किंतु उन्होंने इसे घटाकर स्वेच्छा से ढाई हज़ार कर दिया था। उन्होंने कहा कि ''एक निर्धन देश का राष्ट्रपति इतनी मोटी रकम ले यह मुझे उचित नहीं लगता। किंतु राजेंद्र प्रसाद को कभी अहंकार छू तक नहीं गया। आजीवन वे अत्यंत विनम्र, विवेकी तथा सहनशील बने रहे।

(क) राजेन्द्र प्रसाद जी की स्कूली शिक्षा कहाँ हुई थी?
(ख) राजेन्द्र प्रसाद जी की उत्तर पुस्तिका की प्रशंसा करते हुए क्या लिखा गया था?
(ग) राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपना वेतन क्यों कम कर दिया?

(2) खाली स्थान भरिए ।

(क) भारत के प्रथम राष्ट्रपति का नाम .... है।
(ख) जीरादेई .... राज्य में स्थित है।

खंड - ब (अतिरिक्त पठन)

प्रश्न – II (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2)

(क) काजल को खुद पर घमंड क्यों था?

(ख) आरवी का कौन–सा गुण आपको सबसे ज्यादा पसंद आया और क्यों?

(2) खाली स्थान भरिए । (2)

(क) तुम्हें सबक सिखाने के लिए मैंने यह .... शुरू किया था।

(ख) काजल ने अपने मन में निश्चय किया कि अब वह किसी का .... नहीं करेगी।

खंड - स (साहित्य)

प्रश्न – III (1) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) शक्ति **(ख)** अरमान

(2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3)**

(क) त्योहारों से हम कौन सी शिक्षा ग्रहण करते हैं?

(ख) कवि 'श्रम' को क्या बनाने का संदेश देना चाहते हैं?

(ग) कवि ने चंदन किसे कहा है?

(3) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए। **(3)**

(क) विशेष **(ख)** पर्यटक **(ग)** एकता

(4) खाली स्थान भरिए । **(3)**

(क) दुर्गा पूजा के समय वातावरण .... और शुद्ध हो जाता है।

(ख) दुर्गा पूजा .... दिनों तक चलती है।

(ग) कवि धरती को .... बनाने की बात कर रहे हैं।

(5) दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(2)**

(क) प्रसंशा **(ख)** आशिर्वाद

खंड - द (व्याकरण)

प्रश्न – IV (1) दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए। **(2)**

(क) दुर्गा **(ख)** श्रम

(2) दिए गए शब्दों के दो– दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(2)**

(क) बादल **(ख)** आग

(3) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए। **(1)**

(क) किरणें **(ख)** कड़ी

(4) दिए गए शब्दों के लिंग पहचान कर लिखिए। **(1)**

(क) त्योहार **(ख)** घर

(5) लिंग के आधार पर वाक्य बदलिए। **(2)**

(क) पुजारी ने पूजा शुरू कर दी।

(ख) गायिका मंच पर बैठी थीं।

(6) दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए। **(2)**

(क) अँगूठा दिखना **(ख)** हवा से बातें करना

(7) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। **(2)**

(क) जो लोगों में प्रिय हो

(ख) अच्छे आचरण वाला

(8) **दिए गए शब्दों के दो भिन्न –भिन्न अर्थ लिखिए।** **(2)**

(क) वार __________ **(ख)** तीर __________

(9) **दिए गए काल के आधार पर एक–एक वाक्य लिखिए।** **(2)**

(क) वर्तमानकाल **(ख)** भूतकाल

(10) **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(2)**

(क) कोई भी दो शब्द लिखिए जिनके रूप दोनों वचनों में समान होते हैं।

(ख) सभी तिथियों के नाम प्रायः किस लिंग में होते हैं?

खंड - इ (पत्र लेखन)

प्रश्न – V आँखों की जाँच के लिए आपको अस्पताल जाना है अतः एक दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **(5)**

खंड - फ (अनुच्छेद लेखन)

प्रश्न – VI दिए गए शब्दों की सहायता से 'जीवन में त्योहारों का महत्त्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

भारतवर्ष, संस्कृति, विभिन्न, उत्साह, प्रेम एवं भाईचारे, भावना, राष्ट्रीय, धार्मिक, प्रभाव, समय की कमी,

अथवा

चित्र वर्णन

जन्मदिन, केक, गुब्बारे, सजावट, माता–पिता, मित्र, पार्टी, उपहार, मस्ती